UPPTCL

उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
U.P. Power Transmission Corporation Limited
(U.P. Government Undertaking)
Website: www.upptcl.org | E-mail:corporateaccounts@upptcl.org
CIN. NO. U40101UP2004SGC028687 | GSTIN: 09AAACU8823E1Z9

शक्ति भवन विस्तार 14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001 | Shakti Bhawan Ext., 14-Ashok Marg, Lucknow-226001

पत्रांक – /उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0/मु0/लेखा/F-202(T)/43(4) दिनांक:– 18/08/2020

## दिशा–निर्देश

**विषय :– इकाई स्तर एवं निधि प्रबन्ध इकाई के खातों में लेखाकोड 27.421 एवं 27.425 में परिलक्षित हो रहे अवशेषों के समाधान/निस्तारण हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश।**

इकाईयों द्वारा तृतीय पक्ष हेतु कृत कार्य एवं प्रदत्त सेवाओं के सापेक्ष प्राप्तियों पर सम्बन्धित तृतीय पक्ष द्वारा नियमानुसार श्रोत पर आयकर की कटौती की जाती है, जिसका लेखांकन सम्बन्धित इकाईयों की पुस्तकों में किया जाता है तथा Asessment के पश्चात प्राप्त Refund का लेखांकन निधि प्रबन्ध इकाई की पुस्तकों में किया जाता है, जिसके अवशेष लेखाशीर्ष 27.421 तथा 27.425 में परिलक्षित होते हैं एवं निगम के PAN पर सम्बन्धित वर्ष में फार्म 26AS में प्रदर्शित होते हैं जिसके मिलान/समाधान इत्यादि की कार्यवाही कराते हुए कारपोरेट टैक्स अनुभाग द्वारा सम्बन्धित वित्तीय वर्ष के सापेक्ष कर निर्धारण वर्ष की कम्पनी की आयकर विवरणी दाखिल की जाती है। यद्यपि कि कम्पनी स्तर के लेखों के संकलनोपरान्त TDS एवं Refund के निवल अवशेष (Net Balance) दर्शाये जाते हैं, परन्तु इकाई स्तर पर लेखाकोड 27.421 एवं 27.425 के अन्तर्गत पूर्व के वर्षों में चले आ रहे भारी भरकम संचयी अवशेष एवं निधि प्रबन्ध इकाई के लेखों में सम्बन्धित मदों में अवशेषों के निस्तारण/समायोजन हेतु विभिन्न स्तरों द्वारा सम्पादित की जाने वाली प्रक्रिया हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश निम्नलिखित है:–

**इकाई स्तर पर सम्पादित की जाने वाली प्रक्रिया**

इकाई अपनी पुस्तकों में प्रदर्शित अवशेषों को वर्षवार समाधानित करते हुए सम्पूर्ण विवरण सहित सम्बन्धित परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय के पक्ष में ATD के माध्यम से अवशेष अंतरित करते हुए निम्नलिखित लेखांकन प्रविष्टि करेंगे:–

| Debit | | Credit | |
|---|---|---|---|
| Account Code | Description | Account Code | Description |
| 37.41* | IUT Transaction-Other Adjustment (within Zone) | 27.421 | Income Tax Deducted at Source-Income from Investment |
| | | 27.425 | Income Tax Deducted at Source-Other Recipts |

**परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय स्तर पर सम्पादित की जाने वाली प्रक्रिया:–**

परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय अपने नियंत्रणाधीन इकाइयों द्वारा उनके पक्ष में अंतरित किये गये अवशेषों का वर्षवार संकलन करके उनकी समीक्षा करते हुए उन अवशेषों के विस्तृत विवरण के साथ कारपोरेट लेखा अनुभाग (LC-1111) के पक्ष में ATD के माध्यम से अंतरित करते हुए ATD कारपोरेट टैक्स अनुभाग को प्रेषित करेंगे तथा सम्बन्धित इकाईयों से प्राप्त ATD को Respond करेंगे। तदनुसार परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय द्वारा निम्नलिखित लेखांकन प्रविष्टियां की जायेंगी:–

| Debit | | Credit | |
|---|---|---|---|
| Account Code | Description | Account Code | Description |
| **1. ZAO द्वारा ATD स्वीकार करने पर:–** | | | |
| 27.421 | Income Tax Deducted at Source-Income from Investment | 37.41* | IUT Transaction-Other Adjustment (within Zone) |
| 27.425 | Income Tax Deducted at Source-Other Recipts | | |
| **2. ZAO द्वारा कारपोरेट लेखा इकाई (LC-1111) के पक्ष में ATD निर्गत करने पर:–** | | | |
| 37.42* | IUT Transaction-Other Adjustment (outside Zone) | 27.421 | Income Tax Deducted at Source-Income from Investment |
| | | 27.425 | Income Tax Deducted at Source-Other Recipts |

## निधि प्रबंध इकाई स्तर से सम्पादित की जाने वाली प्रक्रियाः–

निधि प्रबंध इकाई अपनी पुस्तकों में परिलक्षित हो रहे सम्बन्धित मदों के अवशेषों को वर्षवार समाधानित करते हुए उनके सापेक्ष Refund की प्राप्ति अथवा Corporate Income Tax के भुगतान के सापेक्ष ATC/ATD/WMCR/WMDR, जो भी वांछित हो, के माध्यम से पूर्ण विवरण के साथ कारपोरेट लेखा अनुभाग के पक्ष में निर्गत करते हुए, कारपोरेट टैक्स अनुभाग को प्रेषित करेंगे। परिणामस्वरूप निधि प्रबन्ध इकाई द्वारा निम्नलिखित लेखांकन प्रविष्टियां की जायेंगी:–

| Debit | | Credit | |
|---|---|---|---|
| Account Code | Description | Account Code | Description |
| **1. आयकर Refund प्राप्त होने पर :–** | | | |
| 24.XXX | Bank Account | 27.425 | Income Tax Deducted at Source-Other Recipts |
| | | 62.369** | Other Misc.Reciept (Interest from Income Tax Department - if any) |
| **2. निधि प्रबन्ध इकाई द्वारा कारपोरेट लेखा इकाई (LC-1111) के पक्ष में ATC/WMCR निर्गत करने पर:–** | | | |
| 27.425 | Income Tax Deducted at Source-Other Recipts | 37.42* | IUT Transaction-Other Adjustment (outside Zone) |
| **3. निधि प्रबन्ध इकाई द्वारा आयकर का भुगतान करने पर:–** | | | |
| 46.801 | Provision for Income Tax | 24.XXX | Bank Account |
| 46.803 | Provision for Minimum Alternative Tax (MAT) | | |
| **4. कारपोरेट लेखा अनुभाग (LC-1111) के पक्ष में WMDR निर्गत करने पर:–** | | | |
| 37.42* | IUT Transaction-Other Adjustment (outside Zone) | 46.801 | Provision for Income Tax |
| | | 46.803 | Provision for Minimum Alternative Tax (MAT) |

## कारपोरेट टैक्स अनुभाग स्तर पर सम्पादित की जाने वाली प्रक्रियाः–

कारपोरेट टैक्स अनुभाग निधि प्रबंध इकाई एवं विभिन्न परिक्षेत्रों द्वारा अंतरित अवशेषों का मिलान 26 AS से करते हुए उनसे प्राप्त ATC/ATD/WMCR/WMDR जो भी वांछित हो को Respond करते हुए सम्बन्धित मदों की लेखांकन आवश्यकता के अनुरूप जिन कर निर्धारण वर्ष के संबंध में कर निर्धारण सम्बन्धी कार्यवाही यथा Assessment / Appeal इत्यादि पूर्ण हो चुके है तथा अग्रेतर विभाग द्वारा अन्य कोई कार्यवाही अपेक्षित न हो सम्बन्धित वित्तीय वर्ष के सापेक्ष पुस्तकों में परिलक्षित हो रहे अवशेषों को समायोजित कराते हुए अंतिम निस्तारण हेतु JV कारपोरेट लेखा अनुभाग को उपलब्ध करायेंगे तथा इससे सम्बन्धित समस्त अभिलेखों के रख–रखाव का दायित्व भी कारपोरेट टैक्स अनुभाग का होगा तथा उनके द्वारा उपरोक्त के सम्बन्ध में यथा–आवश्यकतानुसार निम्नलिखित JVs कारपोरेट लेखा अनुभाग को उपलब्ध कराने हेतु तैयार की जायेंगी:–

| Debit | | Credit | |
|---|---|---|---|
| Account Code | Description | Account Code | Description |
| **1. ZAO से प्राप्त ATD स्वीकार करने पर:–** | | | |
| 27.421 | Income Tax Deducted at Source-Income from Investment | 37.42* | IUT Transaction-Other Adjustment (outside Zone) |
| 27.425 | Income Tax Deducted at Source-Other Recipts | | |
| **2. निधि प्रबन्ध से प्राप्त ATC/WMCR स्वीकार करने पर:–** | | | |
| 37.42 | IUT Transaction-Other Adjustment (outside Zone) | 27.425 | Income Tax Deducted at Source-Other Recipts |
| **3. वर्तमान वर्ष हेतु अग्रिम आयकर (Advance Income Tax) की राशि देय होने पर:–** | | | |
| 27.401 | Advance Corporate Income Tax | 46.801 | Provision for Income Tax |
| **4. वर्तमान वर्ष हेतु देय आयकर का प्रावधान करने पर :–** | | | |
| (i) लेखा कोड 27.421 एवं 27.425 का डेबिट अवशेष देय आयकर के बराबर होने की दशा में:– | | | |
| 81.1* | Income Tax; or | 27.401 | Advance Corporate Income Tax |
| 81.3* | Minimum Alternative Tax (MAT) | 27.421 | Income Tax Deducted at Source-Income from Investment |
| | | 27.425 | Income Tax Deducted at Source-Other Recipts |
| (ii) लेखा कोड 27.421 एवं 27.425 का डेबिट अवशेष देय आयकर से कम होने की दशा में:– | | | |
| | | 46.801 | Provision for Income Tax |
| 81.1* | Income Tax; or | 46.803 | Provision for Minimum Alternative Tax (MAT) |
| 81.3* | Minimum Alternative Tax (MAT) | 27.401 | Advance Corporate Income Tax |
| | | 27.421 | Income Tax Deducted at Source-Income from Investment |
| | | 27.425 | Income Tax Deducted at Source-Other Recipts |
| **5. भुगतान किये गये आयकर के सापेक्ष निधि प्रबन्ध इकाई द्वारा निर्गत WMDR पर स्वीकृत देने पर:–** | | | |
| 46.801 | Provision for Income Tax | 37.42* | IUT Transaction-Other Adjustment (outside Zone) |
| 46.803 | Provision for Minimum Alternative Tax (MAT) | | |

** वित्तीय वर्ष 2020–21 से अन्तर इकाई सम्व्यवहारों हेतु प्रयुक्त लेखाकोडों के स्थान पर कार्यालय ज्ञाप संख्या–479/उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0/मुख्यालय/IUT/F-33; दिनांक–30.06.2020 द्वारा निर्गत नवीन लेखाकोड प्रयुक्त होंगे।*

*** ऐसी प्राप्तियाँ/व्यय जो चालू वित्तीय वर्ष के पूर्व के वर्षों से सम्बन्धित हैं, को उनके संगत पूर्वावधि आय/व्यय से सम्बन्धित लेखाकोड्स के अन्तर्गत लेखांकित किया जायेगा।*

**कारपोरेट लेखा अनुभाग स्तर पर सम्पादित की जाने वाली प्रक्रियाः–**

कारपोरेट टैक्स अनुभाग से प्राप्त समस्त JVs को कारपोरेशन की पुस्तकों में लेखांकित करने का समस्त दायित्व कारपोरेट लेखा अनुभाग का होगा।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

(नीरज चौरसिया)
वरिष्ठ लेखाधिकारी (लेखा एवं सम्प्रेक्षा)

पत्रांक – 864/उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0/मु0/लेखा/F-202(T)/43(4) तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे कृपया आवश्यक कार्यवाही/लेखांकन सुनिश्चित करने/कराने की कृपा करेंः–

1. मुख्य अभियन्ता (पारेषण पश्चिम)/(पारेषण मध्य)/(पारेषण दक्षिण पश्चिम)/(पारेषण दक्षिण मध्य)/(पारेषण उत्तर पूर्व)/(पारेषण दक्षिण पूर्व), उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, मेरठ/लखनऊ/आगरा/ झांसी/गोरखपुर/प्रयागराज।
2. मुख्य अभियन्ता (जानपद) पारेषण–प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (संचार एवं नियन्त्रण), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, लखनऊ।
4. उप महाप्रबन्धक (लेखा), (पारेषण पश्चिम)/(पारेषण मध्य)/(पारेषण दक्षिण पश्चिम)/(पारेषण दक्षिण मध्य)/(पारेषण उत्तर पूर्व)/(पारेषण दक्षिण पूर्व), उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, मेरठ/लखनऊ/आगरा/झांसी/गोरखपुर/प्रयागराज।
5. उप महाप्रबन्धक (पारेषण मुख्यालय), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0, प्रथम तल, शक्ति भवन, लखनऊ।
6. उप महाप्रबन्धक (कारपोरेट टैक्स), उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, तृतीय तल, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. लेखाधिकारी (निधि प्रबन्ध), उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, तृतीय तल, शक्ति भवन, लखनऊ।
8. अधिशासी अभियन्ता (वेब), सम्बद्ध निदेशक (आपरेशन),उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0, शक्ति भवन (विस्तार), लखनऊ को वेब साइट पर अपलोड करने हेतु।

(नीरज चौरसिया)
वरिष्ठ लेखाधिकारी (लेखा एवं सम्प्रेक्षा)